## सार-समाचार

### दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**सूरौठ,** (निसं)। तहसील के समीपवर्ती ठाम एकोराशी कृषि विज्ञान केंद्र पर गुरुवार को दो दिवसीय संक्षिप्त खेती की महत्व एवं चुनौती को लेकर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया ,आयोजन के मुख्य अतिथि अतिरिक्त निर्देशक कृषि चालान खंड भरतपुर, समारोह की अध्यक्षता योगेश कुमार शर्मा संयुक्त निदेशक उद्यान विभाग खंड भरतपुर में की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपनिदेशक उद्यान चेतराम मीणा करौली तथा प्रशिक्षक सत्यनारायण चौधरी आईएचआईटीसी दुर्गापुरा जयपुर डॉ रामकेश मीणा वरिष्ठ वैज्ञानिक, बच्चू सिंह मीणा इंचार्ज कृषि विज्ञान केंद्र एकोराशि कृषि अधिकारी हरभजन सिंह मीणा डोराबली रहे। सेमिनार का आयोजन समारोह पूर्वक शुरू किया गया सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सेमिनार की शुरुआत की इस दौरान कृषि अधिकारी हरभजन मीणा ने बताया कि भरतपुर से आए अतिरिक्त निर्देशक ने संक्षिप्त खेती की महत्वत बताते हुए को किसानों का जैविक खेती की ओर आकर्षित किया इसी दौरान संयुक्त निदेशक शर्मा ने किसानों से बागवानी के बारे में चर्चा करते हुए कम लागत से अधिक उत्पादन करने का संदेश दिया तथा जयपुर से आए दक्ष प्रशिक्षक सत्यनारायण चौधरी ने पोली हाउस , ग्लास हाउस, मल्चिंग द्वारा खेती करने पर विस्तार से चर्चा की सेमिनार में धौलपुर, अलवर, सवाई माधोपुर व करौली से करीब सैकड़ो किसानों में भाग लिया।

### छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। खेड़ा क्षेत्र में भारत स्काउट एंड गाइड्स का विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निजी और राजकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्काउट करौली के सीओ अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ये कार्यक्रम चलाया गया। रोवर क्रू करौली के रोवर केशव शर्मा और तेजस्व गिरी ने 6 वर्ष से बड़े बच्चों को हाथ धोने की सही विधि सिखाई। बच्चों को खेल, चित्र और गीतों के माध्यम से स्वच्छता का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने व्यावहारिक रूप से हैंडवॉश करना सीखा। उन्हें बताया गया कि भोजन से पहले हाथ धोना क्यों जरूरी है ? ये कार्यक्रम भारत स्काउट एंड गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रहलाद कुमार, प्रधानाचार्य सीता शर्मा, प्राचार्य सोनिया चौधरी, स्काउट मास्टर बॉबी सिंह सहित स्काउट गाइड्स रोवर रेंजर्स मौजूद रहे।

### हमले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। जानलेवा हमले के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी तीन साल से फरार चल रहा था। जिसे सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि मामला वर्ष 2022 का है। झिरना में हर घर नल परियोजना के तहत पाइप लाइन बिछाने को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें आरोपियों ने हथियारों से हमला किया था। पुलिस ने इस मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। उनसे वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार भी बरामद कर लिए गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अब झिरना निवासी मानसिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मानसिंह के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी में एएसआई अशोक कुमार, कॉन्स्टेबल हेमेंद्र, दयाल और राम भान की टीम शामिल थी।

### अबीर और पुष्पों से खेली होली

**करौली,** (निं.सं.) गुरुबार को कृष्ण कन्हैया धाम झीलका हार तीनबड़ करौली पर दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली एवं राधा भक्त मण्डल द्वारा होली गायन का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान होली गीतों होरी खेले उमा संग त्रिपुरारी, आ जइयो श्याम बरसाने में तोय होरी को मजा चखा दूंगी,रंग मत डारे रे सांवरिया, होरिया में उड़े रे गुलाल आदि होली गीतों पर महिलाएं जमकर थिरकी एवं रंग अबीर एवं पुष्पों से होली खेली भक्त मण्डल अध्यक्ष मंजू प्रजापत ने बताया कि होली महोत्सव के पर्व पर हर वर्ष कि भांति होली गायन हुआ जिसमे रिंकी गौड़,संतरा शर्मा,रेखा गौड़,रेखा शर्मा,कुसुम शर्मा,विजय वाई शर्मा,कृष्णा माली, सावित्री, कमलेश,मधु लोधा,बिट्टी राजपूत, संध्या, सुशीला, राजकुमारी, सुनीता,कलावती,आदि ने होली गीत गाए वहीं संगीत कलाकारों ने संस्थान सचिव गंगाराम प्रजापत के निवास तीन बड़ पर रंगा रंग प्रस्तुति दी कलाकारो जयशिव प्रजापति आकोदा खंडार,लक्ष्मण लाल प्रजापति नानपुर मंडरायल,विश्वरूप प्रजाति कल्याणपुरा सपोटरा ,दुर्गालाल प्रजापति रामपुर, रवि राजपूत करौली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जिस पर श्रोता झूम उठे।

### आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च

**करौली,** (निसं)। उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि जिले में 148 नवीन नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को सदस्यता दिये जाने हेतु 7 मार्च से 12 मार्च तक उपखण्ड स्तर पर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदन विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर संबंधित उपखण्ड कार्यालय में जमा करवा सकते है। आवेदन हेतु न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता कक्षा 4 पास रखी गई है। यद्दिप गोताखोर, तैराक, वाहनचालक, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रबंधन में डिग्री या डिप्लोमा, इंजीनीयर, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, इलेक्ट्रीशीयन, वेल्डर,प्लम्बर, एनसीसी या स्काउट, भूतपूर्व सैनिक, सरकारी कर्मचारी ( सशस्त्र सेनाओं, अद्धसैनिक बलों, अग्निशमन, पुलिस के स्थायी कार्मिको एवं होमगार्ड के स्वयं सेवको को छोडकर ) इत्यादि दक्षता वाले अभ्यर्थीयों को वरियता दी जावेगी।

### मॉडल स्कूल प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**करौली।** (निं.सं.) राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में प्रवेश प्रक्रिया 8 मार्च से आरंभ हो रही है। मॉडल स्कूल करौली के प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 8 से 17 मार्च तक आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं। कक्षा 1 से लेकर 9 तक रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कि जा रही है। प्रवेश प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि विद्यालय समय में आवेदन फार्म प्राप्त एव जमा कराये जा सकते हैं। कक्षा 9 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। जिसके दिशा निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। प्रवेश आवेदन पत्र के साथ जन्मप्रमाण पत्र,आधार कार्ड विद्यार्थी का माता और पिता दोनों कि फोटो कॉपी,जन आधार कार्ड फोटो कॉपी,पिछली कक्षा कि अंक तालिका फोटो कॉपी या अध्ययन प्रमाण पत्र,2फोटो,ब्लड ग्रुप रीपोर्ट,बैंक पासबुक फोटो कॉपी आदि आवश्यकता दस्तावेज लगाने होंगे।शैक्षिणक सत्र कक्षाएं 1 अप्रैल से आरंभ होगी। राज्य सरकार के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल संपूर्ण राजस्थान में 134 संचालित हैं। जो सेंटर आफ एक्सीलेंस के नाम से जाने जाते हैं।जहां पर विद्यार्थियों को शैक्षिणक एव सहशैक्षिक गतिविधियों

# जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**करौली,** (निसं) राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत मुख्यालय कोटा मामचारी के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई।

जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 07 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनका त्वरित निस्तारण कर परिवादियों को राहत दिलाएँ। अधिकारीगण यह भी सुनिश्चित करें कि इस जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों की आगामी जनसुनवाई में पुनरावृति न हो। जनसुनवाई के दौरान 20 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें पेयजल आपूर्ति, विवाह पंजीयन करवाने, नाला बनवाने, साफ-सफाई करवाने, पानी की टंकी बनवाने हेतु, लाइब्रेरी व सामुदायिक भवन हेतु भूमि आवंटन, शराब की दुकान बंद करवाने, आशासहयोगिनी लगवाने, श्मशान की मरम्मत, पुलिया की मरम्मत, बिजली के ढीले तारों को दुरुस्त करवाने सहित अन्य प्रकरण शामिल हैं। इस अवसर पर तहसीलदार महेन्द्र गुर्जर, विकास अधिकारी अजीत सिंह सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवादी उपस्थित रहे।

## जिले में 115 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने का लक्ष्य

**भरतपुर,** (निसं)। जिले में आयोजित किये जा रहे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत गुरूवार को मीडिया सेंसटाइजेशन का आयोजन सीएमएचओ कार्यालय में किया गया।

सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर ने अभियान की कार्य योजना और गतिविधियों से अवगत कराया एवं अभियान के सफलता के लिए मीडिया की सहभागिता की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने बताया कि जिले की ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए 6 इंडिकेटर्स आधारित गतिविधियों के आयोजन किये जा रहे हैं, 6 मानकों पर खरी उतरने वाली ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का दर्जा मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिले में 115ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके उपरांत जिला स्तर से 102 ग्राम पंचायतों का डाटा जांच के उपरांत जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर वैरिफिकेशन हेतु ब्लॉक स्तरीय टीम से सत्यापन करने हेतु भिजवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सत्यापन के उपरांत चयनित ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि टीबी से बचाव और उपचार की जन जागरूकता के लिये हरसंभव प्रयास किया जा रहे हैं, मीडिया सहयोग करें तो हमारी और ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो पाएंगी। उन्होंने अभी तक 212 निक्षय मित्र बनाने की जानकारी देते हुए टीबी रोगियों की सहायतार्थ निक्षय मित्र बनने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सस्पेक्टेड टीबी की जांच, टीबी नोटिफिकेशन की दर, ट्रीटमेंट सक्सेस रेट, ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्ट, निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट वितरण संबंधी 6 गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देकर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की संकल्पना को साकार किए जाने का प्रमुख घटक बताया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य सक्रिय रूप से अज्ञात टीबी के मामलो की जांच करना, त्वरित उपचार सुनिश्चित करना और टीबी की रोकथाम और नियंत्रण प्रयासो के लिये सामुदायिक समर्थन जुटाना है। टीबी के बारे में सामुदायिक जागरूकता के तहत् स्कूल कॉलेजो में कार्यशाला, ग्राम सभा में बैठकें, रैली, पीएचसी सीएचसी पर रोगियों की बैठकें, आईईसी के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना।

## सड़क पर किया पुन : कब्जा

**करौली,** (निसं)। करौली नगर परिषद प्रशासन द्वारा भारी पुलिस जाप्ते के साथ सड़क मार्ग किनारे हो रहे अस्थाई अतिक्रमण ठेला, बेंच आदि को हटाया लेकिन अतिक्रमण हटाने कि कार्यवाही फौरी तौर पर ही देखी गई आगे आगे अतिक्रमण हटते गये और पीछे से ठेला, ब्रेंच लाते देखे गए वहीं कई दुकानदारों ने अस्थाई अतिक्रमण हटाने में पक्षपात करने का भी आरोप लगाया। होली के त्यौहार और कैलादेवी के लख्खी मेले को मध्येनजर रखते हुए नगर परिषद प्रशासन ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित गुलाब बाग चैराहे से लेकर हिंडौन गेट तक उधर हाईवे सड़क मार्ग पर लगे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने कि भारी पुलिस जाप्ते के बीच कार्यवाही कि गई मगर कार्यवाही फौरी रूप से ही देखी गई आगे नगर परिषद प्रशासन अस्थाई अतिक्रमण ठेला,बें्रच आदि को हटाता गया।

## 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**भुसावर भरतपुर** (निस)। मोबाइल टॉवर से आरआरयू मशीन चोरी करने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं चुराई हुई आरआरयू मशीन व चोरी में प्रयुक्त बाईक को बरामद किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व असामाजिक तत्वों एवं अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत ललतेश कुमार पुत्र शिव चरन जाति जाट निवासी बरसो थाना सेवर हाल सुपरवाईजर मैक्स विगिल सिक्योरिटी एक्सपर्ट प्राईवेट लि0 एक रिपोर्ट इस आषय की पेष की दिनांक 05.03.2025 की रात्रि को नया गावं खालसा से अज्ञात चोर इण्डस आईडी आईएन मोबाइल टॉवर से आरआरयू मशीन को चोरी कर ले जाने का एक मामला थाना भुसावर पर पंजीवद्व कराया था।

## भरतपुर में खाद्य पदार्थो के सैम्पल लिए

**भरतपुर,** (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली त्योहार के अवसर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिसमें जिला कलेक्टर एवं डॉ गौरव कपूर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर के निर्देशानुसार 3 मार्च को भरतपुर शहर में मैसर्स हरि मसाला ट्रेडर्स से लाल मिर्च पाउडर व धनिया पाउडर एवं मैसर्स अग्रवाल मसाला उद्योग से धनिया पाउडर का नमूना लिया। 4 मार्च को कस्बा बयाना में मैसर्स पटेल डेयरी से मिश्रित दूध व घी, मैसर्स नारायण मिष्ठान भण्डार से दही एवं मैसर्स गरूण उद्योग से वनस्पति का नमूना लिया व पटेल डेयरी से 10 किग्रा. दूध व 25 किग्रा. पनीर व मैसर्स गरूण उद्योग से 150 किग्रा. खराब किशमिश नष्ट करायीं। 5 मार्च को कस्बा रूपवास में मैसर्स राहुल किराना स्टोर से सिंथेटिक फूड कलर व धनिया पाउडर व मैसर्स रामचन्द गोयल किराना स्टोर से आयोडाइज्ड नमक का नमूना लिया व मैसर्स राहुल किराना स्टोर से अवधिपार 4 किग्रा. फूड कलर, 30 किग्रा. टमाटर सॉस, 50 किग्रा. नमक, 10 किग्रा. सौंफ व 25 किग्रा. साबा एवं मैसर्स रामचन्द गोयल किराना स्टोर, से अवधिपार 30 पैकेट टॉफी, 10 डिब्बे चॉकलेट, 50 पैकेट टोस्ट व 15 लीटर ठण्डाई नष्ट करायीं। 6 मार्च को भरतपुर शहर में मैसर्स रामेश्वर अठावाल किराना स्टोर से रिफाइन्ड सोयाबीत तेल, मैसर्स भेल पिज्जा से टमाटर सॉस व मैसर्स राधाकिषन मार्ट से कुकिंग सॉस आदि खाद्य पदार्थो के नमूनें संगृहीत कर खाद्य प्रयोगषाला भिजवाये गये है। साथ ही खाद्य कारोबारियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ बेचने, खाद्य पदार्थो को ढक कर रखने व साफ-सफाई का समुचित ध्यान रखने के संबंध में निर्देशित किया गया। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा, रूपसिंह व रोशन लाल यादव आदि मौके पर उपस्थित रहें।

## पेयजल संकट दूर करने के लिए यमुना जल समझौता से पानी दिलवाएं

**भरतपुर** ( निस) पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉक्टर सुभाष गर्ग ने गुरुवार को विधानसभा में नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव में जिले की पेयजल सिंचाई के जल के मामले को उठाया। विधानसभा सदन में डॉ सुभाष गर्ग ने कहा कि भरतपुर जिले में पेयजल एवं सिंचाई हेतु पानी की अत्यन्त कमी है। इसकी पूर्ति के लिये 1994 में पाँच राज्यों के मध्य यमुना जल समझौता हुआ था।

जिसमें ओखला हैड से कुल 1281 क्यूसेक जल का आंवटन भरतपुर को करना सुनिश्चित हुआ था। उपरोक्त में से 481 क्यूसेक जल को प्राप्त करने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा गंभीर प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। 7 फरवरी 2003 को केन्द्रीय जल आयोग ने इस शर्त के साथ अनुमोदित किया गया कि हरियाणा की सहमति प्राप्त की जावे किन्तु अभी तक कुछ नहीं हुआ। एक तो सरकार हरियाणा की तय शर्तों के अनुरूप सहमति ली जावें साथ ही ओखला हैड पर आवंटित शेष 481 क्यूसेक पानी प्राप्त करने हेतु गुड़गांव कैनाल की क्षमता 500 क्यूसेक है, उसको रिसैक्शनिंग द्वारा क्षमता बढ़ाकर 981 क्यूसेक किया जावे।

उन्होंने कहा कि ओखला हैडवर्क्स पर आवंटित 1281 क्यूसेक जल में से 800 क्यूसेक के उपयोग हेतु ही नहरी तंत्र उपलब्ध है जिसमें जल प्रवाह के दौरान हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश क्षेत्र में अवैद्य दोहन, चोरी, लिफ्टिंग के कारण जल उपलब्धता में कमी रहती है, जिस हेतु हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश द्वारा उचित व ठोस पुलिस व प्रशासनिक कार्यवाही अपेक्षित है। ओखला हेड पर उपलब्ध कराये गये राजस्थान के हिस्से के पानी में वर्ष 2014 से 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार मात्र 56 प्रतिशत पानी ही उपलब्ध हुआ है। जिसका मूल कारणा हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश राज्य में पानी की चोरी है विगत चार वर्षों में यमुना जल पर भारत सरकार द्वारा बनाये गये अपर यमुना रिवर बोर्ड एवं राजस्थान की सतत निगरानी से यह उपलब्धता 72 प्रतिशत तक प्राप्त हुई है, शेष रहे 481 क्यूसेक जल को राजस्थान राज्य में उपयोग हेतु हरियाणा क्षेत्र में स्थित नहरों की रिमॉडलिंग आवश्यक होगी जिसकी अनुमानित लागत रूपये 1900 करोड़ होगी तथा इस क्रम में हरियाणा राज्य की सहमति अपेक्षित है, जिसकी डीपीआर सीडब्यूसी से अनुमोदित है। डॉ सुभाष गर्ग ने मांग करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार से आगृह कर 481 क्यूसेक पानी लेने हेतु प्रभाव प्रणाली हेतु रिमोडलिंग के प्रस्तावों की सहमति प्रदान करवाए।

## कृषक सेमिनार का आयोजन

**करौली,** (निसं)। जिले में कृषि विज्ञान केंद्र पर राष्ट्रीय बागवानी योजनान्तर्गत राज्य स्तरीय 02 दिवसीय कृषक सेमिनार में मुख्य अतिथि अतिरिक्त निदेशक देशराज सिंह जी भरतपुर ने संरक्षित खेती एव जैविक खेती के बारे में विस्तार से बताया सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे योगेश कुमार शर्मा संयुक्त निदेशक उद्यान भरतपुर ने फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन के बारे में बताया गया ,ष्प्ष्ब्ज् दुर्गा पूरा जयपुर से पधारे चीफ ट्रेनर सत्यनारायण चैधरी ने ग्रीनहाउस निर्माण, क्यारिओ की तैयारी, मृदा उपचार, समन्वित पौषक तत्व प्रबंधन समन्वित कीट प्रबंधन, चेरी टमाटर, खीरा, रंगीन शिमला मिर्च की खेती एव तुड़ाई पश्चात प्रबंधन पर सविस्तार जानकारी दी गई । नवाचारी कृषक धर्मेंद्र चैधरी अलवर, रामवीर सिंह धौलपुर एव राजबहादुर पालीवाल ने क्रमश च्व्स्ल्भ्व्न्मै् में खीरा, जैविक खेती व किन्नू की खेती खीरा की खेती के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

# जिला कलक्टर ने ली अवैध खनन की रोकथाम संबंधी बैठक

- जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ सभी विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करें जिससे अवैध खनन को रोका जा सके। जिला कलक्टर गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन की रोकथाम हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुये उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर निगरानी के लिये सूचना तंत्र को प्रभावी करें तथा आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से निगरानी रखते हुये राजस्व, पुलिस, खनिज, वन एवं परिवहन विभाग मिलकर संयुक्त कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि बंशी पहाडपुर, घाटोली, रूपवास एवं वैर क्षेत्र में जहाँ भी अवैध खनन की जानकारी प्राप्त हो उसकी रोकथाम के लिये स्थाई उपाय किये जायें। उन्होंने अवैध खनन वाले रास्तों पर अवरोधक लगाने, अधिक भार ले जाने वाले वाहनों एवं अवैध खनन परिवहन में शामिल वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ पेनल्टी के साथ ही स्थाई रोकथाम के लिये वैकल्पिक उपाय भी करें। उन्होंने अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही के समय आरएसी का जाप्ता उपलब्ध कराते हुये ड्रोन से भी निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वन विभाग ऐसे क्षेत्रों में पौधारोपण का प्लान बनाकर सुरक्षा दीवार का भी प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने परिवहन विभाग को लुधावई टोल प्लाजा पर अवैध खनन में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करने, गढी बाजना थाना, खेडली मोड, बंध बारैठा में सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल ने डीग जिले में अवैध खनन को रोकने के लिये संयुक्त रूप से कार्यवाही के समय आवश्यक संसाधन एवं टीम उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के चिन्हित क्षेत्रों में आकस्मिक कार्यवाही करते हुये अवैध खनन में शामिल संसाधनो को सीज किया जाये। डीएफओ मानस सिंह ने वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम के लिये चौकपोस्ट को प्रभावी करने एवं पुलिस बल की सहायता लेने का सुझाव दिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुल सिंह, कोषाधिकारी डॉ. लोकेन्द्र सिंह, सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर, सहायक खनिज अभियंता रूपवास संजय शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध तरीके से दूध बेचने का आरोप

**भरतपुर,** (निसं)। सरस डेयरी की अध्यक्ष ने डक सहित 2 कर्मचारियों और 1 कंपनी के मालिक पर डेयरी में घोटाला करने का मामला दर्ज करवाया है। डेयरी अध्यक्ष ने चारों पर अवैध तरीके से 5 लाख 25 हजार का दूध बेचने का आरोप लगाया है। डेयरी अध्यक्ष का आरोप है की डक और दो डेयरी के कर्मचारी व्हाइट गंगा फ्रूट प्राइवेट लिमिटेड को दूध बेचते हैं। सरस डेयरी की अध्यक्ष सुशीला भुतौली ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि सरस डेय़री में लगा संविदाकर्मी पुष्पेंद्र सिंह, डक राजेश नारायण, प्रयोगशाला सहायक चिंकी तिवारी, व्हाइट गंगा फ्रूट प्राइवेट लिमिटेड का मालिक विक्रम सिंह यह सभी लोग सरस डेयरी के अंदर घोटाला करने में लगे हुए हैं। सरस डेयरी की प्रयोगशाला से जो दूध बाहर जाता है। उसकी फेट और ैछथ् का रिकॉर्ड चारों के पास रहता है। उसकी डिसपेज बुक प्रयोगशाला में जारी की जाती है। हर लोट के डिसपेज मैं फैट और एसएनएफ का रिकॉर्ड होता है। उसके बाद ही गेट पास देकर प्रयोगशाला से दूध बाहर भेजा जाता है। गेट पास की एक कॉपी गेट पर लगे गार्ड के पास होती है। चारों लोगों ने 7 दिसंबर 2024 को 9 हजार 5 सौ 90 किलो दूध अवैध तरीके से विक्रम सिंह को बेच दिया। इस दूध की कीमत 5 लाख 25 हजार रुपये के लगभग है। जिसका रिकॉर्ड डिस्पेज बुक में नहीं है। यह मामला सामने आने के बाद सरस डेयरी के अध्यक्ष ने बताया की चारों लोगों को जब घोटाला करने से मना किया तो, वह लोग कहने लगे की वह पहले से ऐसा काम करते हुए आ रहे हैं।

## सार-समाचार

### उपस्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**करौली,** (निसं)।जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कोटा मामचारी के उपस्वास्थ्य केन्द्र का गुरूवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने कार्मिकों की उपस्थिति, ओपीडी, दवाई स्टोर एवं वितरण कक्ष आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई, पेयजल, आधारभूत चिकित्सीय सुविधाओं, जांच उपकरणों की क्रियाशीलता सहित अन्य व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 2023, 2024 एवं 2025 की अवधिपार दवाई मिलने पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। वहीं उपस्वास्थ्य केन्द्र पर पदास्थापित कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए 3 दिवस में जिला कलेक्टर को अवगत कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। जिससे भविष्य में किसी भी कार्मिक द्वारा इस तरह की लापरवाही दोहराई नहीं जा सके। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि वे औचक निरीक्षणों के माध्यम से सुनिश्चित करें कि जिले की समस्त पीएचसी, सीएचसी एवं अस्पतालों के दवा वितरण केन्द्रों एवं भण्डारण कक्ष में कहीं भी अवधिपार दवाईयां, टीके सहित सिरिंज, कैन्यूला, जांच किट आदि डिस्पोजल उपकरण मौजूद नहीं हो। यदि कहीं भी अवधिपार दवाई अथवा डिसपोजल उपकरण पाये जाते हैं तो जिम्मेदार कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ को दिये। साथ ही इसकी रिपोर्ट अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला मुख्यालय प्रेषित करने के लिए भी कहा।

### परिवेदनाओं का किया निराकरण

**भरतपुर,** ( निसं)। आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए शुरू हुई त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को गगवाना में ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने आमजन की समस्याएं सुनी और कई समस्याओं का हाथों हाथ ही समाधान कर राहत दी। ग्राम पंचायत में जनसुनवाई के दौरान लगभग 20 से अधिक समस्याएं प्राप्त हुई। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने पेयजल समस्या निस्तारण करने के लिए गाँव चौनपुरा में स्थित आरओ प्लांट ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गाँव गगवाना से सहना एवं चौनपुरा से मामटोली सड़कों के लिए दुरस्त करवाने के निर्देश दिए। साथ ही चौनपुरा गांव में सार्वजनिक कुआं से अतिक्रमण हटाने के लिए तहसीलदार को निर्देश दिए। उन्होंने आम रास्तों से गंदे पानी की निकासी करवाने के संदर्भ में ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंनें नगला मिर्चुआ की पानी की टंकी संबंधी प्रकरण के निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही नालियों की साफ-सफाई समय पर की जाए। जन सुनवाई के दौरान पेयजल समस्या, मुआवजा राशि का भुगतान, निराश्रित पशुओं के लिए गगवाना में गौशाला बनवाने, गाँव बसैयाकलां उच्च प्राथमिक विद्यालय को क्रमोन्नत करवाने, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गगवाना में परीक्षा बोर्ड सेंटर स्थापित करवाने, रास्ते संबंधी प्रकरणों, अतिक्रमण हटाने, राजस्व रिकॉर्ड में नाम संशोधन, सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने संबंधी समस्याएं आमजन ने जिला कलेक्टर को बताई। इनमें कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा अन्य के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान नदबई उपखण्ड अधिकारी गंगाधर मीना, तहसीलदार कैलाश गौतम, विकास अधिकारी सौदान सिंह, गगवाना सरपंच हरस्वरूप शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### चोरों ने मकान को बनाया निशाना

**करौली,** (निसं)। जिला मुख्यालय की विवेक विहार कॉलोनी स्थित एक सूने मकान को एक बार फिर चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोरो ने मकान का ताला तोड़ सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित मकान मालिक परिवार सहित ओंकारेश्वर रहते हैं। परिवारजनों के करौली पहुंचने पर चोरी गए माल का खुलासा हो सकेगा ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया साथ ही चोरों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार विवेक विहार कॉलोनी स्थित राजू पुत्र कमोद शर्मा अपने परिवार सहित ओंकारेश्वर रहते हैं। बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर माल पर हाथ साफ कर दिया। प्रात गेट का ताला टूटा हुआ देख पड़ोसियों में मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। मकान मालिक के करौली पहुंचने पर चोरी गए माल का पता लगेगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा और अन्य माध्यमो से चोरों की तलाश में जुटी है। करौली मे बीते एक सप्ताह में दो मकानो सहित तीन दुकानो मे हुई चोरी की घटनाओं से शहरवासियों में आक्रोश है।

### करौली विधायक को सौपा ज्ञापन

**करौली,** (निसं)। रणगंवा तालाब कि टूटी कच्ची पाल कि तुरन्त मरम्मत करवाने कि मांग को लेकर रणगमा ताल क्षेत्र विकास समिति करौली के पदाधिकारियो ने करौली विधायक को ज्ञापन सौपा है। समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी,गिर्राज शर्मा, रामस्वरूप चतुर्वेदी, श्रीकांत एडवोकेट,रिद्धी बंसल,हरिकि'ान, धर्मेन्द्र जादौन आदि लोगो ने विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को ज्ञापन पे'ाकर बताया कि गत वर्ष आई भीषण बरसात में स्टेट टाइम में निर्मित रणगंवा तालाब की कच्ची पाल काफी गइराई तक कट गई और उसका पक्का तटबन्ध भी काफी दूरी तक टूट गया। इससे पूर्व आई बरसातों में भी इस तालाब के ओवर फ्लो के भंडारण हेतु बनवाया गया तीन दरवाजा बांध भी टूट गया था। इससे तालाब का पूरा पानी आकर शहर के नीचले क्षेत्रों में भरने लग गया है और वहां के जन जीवन को खतरा हो गया है। अब जब भी कभी भारी बरसात होगी तो तालाब के टूटने का पूरा अंदेशा है। यदि ऐसा हो गया तो भारी जन-धन की हॉनि होगी और करौली शहर का एक बड़ा हिस्सा तबाह हो जायेगा।इस तालाब के रखरखाव हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर इस समिति का निर्माण किया गया था। इस समिति ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एकट बोधग्राम संस्था के साथ मिलकर तालाब कि पाल पर एक सुन्दर पार्क भी विकसित किया है और हनुमान जी के मन्दिर का पुर्नउद्धार किया है।समिति तालाब के सौंदर्गीकरण एवं नियमित साफ-सफाई के लिए भी प्रयत्नशील है। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से तीन दरवाजे बांध एवं तालाब कि टूटी पाल का तुरन्त प्रभाव से मरम्मत,निर्माण करवाने कि मांग कि।

### अटल जन सेवा शिविर 17 को

**करौली,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि करौली में ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर का आयोजन 13 मार्च को राजकीय अवकाश होने के कारण 17 मार्च सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारीयों की नियुक्ति की गई है जिसमें टोडाभीम ब्लॉक हेतु उपखण्ड अधिकारी टोडाभीम, नादौती हेतु तहसीलदार नादौती, हिण्डौन हेतु उपखण्ड अधिकारी हिण्डौन, सपोटरा हेतु सहायक कलेक्टर करौली, करौली हेतु उपखण्ड अधिकारी करौली, मण्डरायल हेतु तहसीलदार मंडरायल, मासलपुर हेतु तहसीलदार मासलपुर व श्रीमहावीरजी हेतु तहसीलदार श्रीमहावीरजी को नोडल अधिकारी नियुक्त कर शिविरों में आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये है। इसके अलावा पर्यवेक्षण हेतु अधिकारियों को नियुक्त कर शिविरों के दौरान परिवादीयों के परिवाद प्राप्त कर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश भी दिये है।

### सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरु

**भरतपुर** (निस)। किशोरी व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मेवात उत्थान समिति भरतपुर द्धारा मेवात क्षेत्र व अति पिछड़ा क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में सिलाई, ब्यूटी, तुलसीमाला, ब्यूटी पार्लर, मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र संचालित है। मेवात उत्थान समिति ने महिला दिवस के उपलक्ष पर दो दिन पूर्व सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरु किया। जिस केंद्र का उद्घाटन गोपाल जी मंदिर न्याणा के महंत स्वामी बालक दास महाराज और मुम्बई की उद्योगपति मुदिका गोविल के आतिथ्य में हुआ। केंद्र पर मेवात क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव की बेरोजगार युवती, महिलाओ ने केन्द्र पर रजिस्ट्रेशन करा सिलाई सीखने के साथ-साथ थैला शर्ट आधुनिक महिलाओं की बस बच्चों के बस आदि की सिलाई शुरू कर दी जो प्रतिदिन आर्थिक लाभ प्राप्त कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है महिलाओं को घर बैठे ही अब रोजगार मिल गया। इस अवसर पर समाजसेवी अरुण गुप्ता, रेनू गुप्ता, कमलेश कुमार, संपत सिंह, मनीषा कुमारी आदि मौजूद रहे।

### त्रिमूर्ति शिव जयंती समारोह आयोजित

**डीग** ( निस)। ओम शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केंद्र दिल्ली दरवाजा डीग पर 89वें त्रिमूर्ति शिव जयंती समारोह आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ ब्रह्माकुमारी उर्मिला शर्मा, विजय शर्मा, ब्रह्म कुमार जुगल किशोर, अंजू गुप्ता, मोहन स्वरूप पाराशर (पूर्व सीडीपीओ), प्रेमचंद शर्मा, एवं ब्रह्मा कुमार लक्ष्मण के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अध्यक्षीय भाषण में संबोधित करते हुए मोहन स्वरूप पाराशर ने उद्बोधन में सामाजिक सरोकारों पर परमात्मा शिव को बताया तथा हम सभी प्राणी शिव की संतान है।